# कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रयागराज।

संख्या: 1816 /निर्वाचन–29–यातायात/जी0पी0एस0 दिनांक-26, नवम्बर, 2018

विषय– 51–फूलपुर लोकसभा उप निर्वाचन–2018 फ्लाईंग स्क्वायड के 15 वाहनों में लगाये गये जी0पी0एस0/जी0आई0एस0 डिवाइस के Location tracker का डाट उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

मुख्य कोषाधिकारी/
प्रभारी अधिकारी व्यय अनुवीक्षण
51–फूलपुर लोकसभा उप निर्वाचन–2018
इलाहाबाद।

उपरोक्त विषयक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या–2507/सीईओ–4–16/4–2018 दिनांक 16 नवम्बर, 2018 का सन्दर्भ ग्रहण करें। जिसके द्वारा 51–फूलपुर लोकसभा उप निर्वाचन–2018 में आपके द्वारा नियुक्त फ्लाईंग स्क्वायड के 15 वाहनों में लगाये गये जी0पी0एस0 डिवाइस किराये पर मेसर्स, डाटा लाइव कम्प्यूटर टेक्नालाजी,17/24, कस्तूरबा गांधी मार्ग, कचेहरी रोड, इलाहाबाद के द्वारा लगाया गया था। जिसके किराये के आंवटन के मांग के संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा आपत्ति की गयी है कि क्या सभी फ्लाइंग स्क्वायड के वाहनों में जी0पी0एस0 लगे थे तथा क्या नियमित Location tracker का इस्तेमाल किया गया था, के संबंध में विवरण तथा आख्या चाही गयी है। फ्लाईंग स्क्वायड की टीमों के वाहनों में लगे जी0पी0एस0 का Location track करने का कार्य आपके स्तर पर तत्समय किया गया था।

अतः आपसे अनुरोध है कि 51–फूलपुर लोकसभा उप निर्वाचन–2018 में फ्लाइंग स्क्वायड के वाहनों में लगाये गये जी0पी0एस0 के माध्यम से वाहनों की नियमित रूप से लोकेशन ट्रैक किये जाने के संबंध में अवगत कराने तथा अविलम्ब Location tracker का डाटा उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(विजय शंकर दूबे)
उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या 1816 /तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि : जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

2– नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी यातायात को इस आशय से प्रेषित कि उप निर्वाचन–2018 में 15 फ्लाईंग स्क्वायड के वाहनों में लगाये गये वाहनों का विवरण तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3–मेसर्स, डाटा लाइव कम्प्यूटर टेक्नालाजी,17/24, कस्तूरबा गांधी मार्ग, कचेहरी रोड, इलाहाबाद को इस आशय से कि उप निर्वाचन–2018 में 15 फ्लाईंग स्क्वायड के वाहनों में लगाये गये जी0पी0एस0 का प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण को उपलब्ध कराये गये आई0डी0 पासवर्ड सहित वाहनों के विवरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
प्रयागराज।